श्री अख्तरूल ईमान (56)(अमौर) माननीय सदस्य, बिहार विधान सभा से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०–18/2/2407 का विभागीय उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न		उत्तर
क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि–		मो० जमा खान, माननीय मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना
1.	क्या यह बात सही है कि पूर्णियॉ जिला अन्तर्गत प्रखण्ड अमौर एवं बैसा में प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी का पद पिछले तीन वर्षों से रिक्त है	**स्वीकारात्मक।**
2.	क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्डों में प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के पदस्थापन नहीं होने से सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का प्रचार प्रसार सही तरीके से नहीं हो पा रहा है।	**अस्वीकारात्मक।** प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के पद रिक्त रहने पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर अल्पसंख्यकों के योजनाओं का प्रचार प्रसार कराया जाता है।
3.	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रखण्ड अमौर एवं बैसा में प्रखण्ड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के पदस्थापन का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	**स्वीकारात्मक।** वस्तुस्थिति यह है कि प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 459 नये पदों के साथ कुल 534 प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के पद सृजित है। प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी के 462 रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से, बिहार लोक सेवा आयोग पटना को प्रेषित है। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा 71वीं संयुक्त परीक्षा में रिक्ति सम्मिलित है जिसकी परीक्षा संचालित की जा रही है। बिहार लोक सेवा आयोग पटना से अनुशंसा प्राप्ति के उपरान्त प्रखंडो में प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी का पदस्थापन किया जायेगा।

बिहार सरकार
अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

––

ज्ञापांक– अ०सं०क०–02–79/2026................../ पटना, दिनांक..................

प्रतिलिपिः–प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधानसभा सचिवालय, बिहार, पटना को तारांकित प्रश्न सं०–18/2/2407 के आलोक में पाँच अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(सुनील कुमार सुबन्धु)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– अ०सं०क०–02–79/2026................../ पटना, दिनांक..................

प्रतिलिपिः–उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– अ०सं०क०–02–79/2026...617..../ पटना, दिनांक...10.02.2026

प्रतिलिपिः– ~~सहायक~~ निदेशक–सह–नोडल पदाधिकारी(विधायी कार्य)/~~आई०टी० मैनेजर~~, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10/2/26
सरकार के उप सचिव